सतना-रीवा

सुप्रभात से शुभरात्रि तक

विधि महाविद्यालय के नवीन भवन को लोकार्पित कराकर कक्षाओं का संचालन करायें : शुक्ल

स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स के निर्माण में गति लायें, पूर्व मंत्री ने निरीक्षण के दौरान दिये निर्देश

रीवा,देशबन्धु। पूर्व मंत्री एवं रीवा विधायक श्री राजेन्द्र शुक्ल ने आज विधि महाविद्यालय के नवीन भवन एवं निर्माणाधीन स्पोर्ट्स काम्पलेक्स का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिये कि विधि महाविद्यालय का भवन पूर्ण हो चुका है। इसे लोकार्पित कराकर उच्च शिक्षा विभाग अपने अधिपत्य में ले ताकि जैसे ही कक्षाओं का संचालन प्रारंभ हो इस नवीन भवन में कक्षाएं लगने लगें। श्री शुक्ल ने निर्माण एजेंसी पीआईयू को निर्देश दिये कि जो कार्य शेष रह गये हैं उन्हें शीघ्र पूर्ण करायें। उल्लेखनीय है कि 6 करोड़ 13 लाख रूपये की लागत से 12 कमरों सहित ओपन कॉरिडोर का व्यवस्थायुक्त यह भव्य भवन बनाया गया है। भ्रमण के अवसर पर सहायक यंत्री संजीव कालरा ने निर्माण के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा डॉ. पंकज श्रीवास्तव व महाविद्यालय के प्राध्यापक उपस्थित रहे। पूर्व मंत्री श्री शुक्ल ने निर्माणाधीन स्पोर्ट्स काम्पलेक्स के निरीक्षण के दौरान निर्देश दिये कि निर्माण कार्य में गति लायें ताकि शहर के खिलाड़ियों को इसका शीघ्र लाभ मिलने लगे। उल्लेखनीय है कि 8.3 करोड़ रूपये की लागत से बनाये जा रहे स्पोर्ट्स काम्पलेक्स में जिम, बैडमिंटन कोर्ट, टेबिल टेनिस, जूडो खेलों की व्यवस्था होगी साथ ही फुटबाल मैदान भी बनाया जायेगा जिसके चारों ओर रनिंग ट्रैक भी होगा।

16 से 23 तक चलेगा गरीब कल्याण सप्ताह

रीवा,देशबन्धु। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से बताया कि 16 सितम्बर को मुख्यमंत्री अन्नपूर्णा योजना के अन्तर्गत अन्न उत्सव आयोजित किया जायेगा। 17 सितम्बर से प्रधानमंत्री श्री मोदी के जन्म दिवस पर एक सप्ताह तक गरीब कल्याण सप्ताह का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने जिला स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के स्वरूप के संबंध में विस्तृत निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि 16 सितम्बर को लाइव कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेश में 37 लाख नवीन उपभोक्ताओं को पात्रता पर्ची और राशन का पैकेट प्रदान कर इन लोगों का जीवन बदलने का अभिनव प्रयास है। उन्होंने बताया कि प्रति सदस्य 5 किलो गेहूं, चावल के साथ ही प्रति परिवार एक किलो नमक और 1.5 लीटर कैरोसिन का वितरण किया जायेगा। हितग्राहियों को नवम्बर 2020 तक पीएमजी के ए.वाई में प्रति सदस्य पांच किलो खाद्यान्न और एक किलो दाल प्रति परिवार निःशुल्क प्रदान की जायेगी।

6 लोग डूबे थे प्रपात में, 5 के मिले शव

रीवा,देशबन्धु। क्योंटी जल प्रपात में पिकनिक मनाने प्रयागराज यूपी 6 लोग नदी के तेज बहाव में डूब गये थे जबकि जानकारी केवल दो लोगो के डूबने की पुलिस को दी गई थी आज सोमवार को गोताखोर जब शव की खोज में उतरे तो पांच युवको के शव मिले। दो युवकों के शव रविवार के देर रात मिल गये थे. एक शव की तलाश गोताखोरों द्वारा की जा रही है।तत्संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रविवार के दिन प्रयागराज से आने वाले युवक प्रपात से कुछ दूर स्थित चतुर्भुज मंदिर के पास नहा रहे थे इसी दौरान एक युवक गहरे पानी में डूबने लगा, जिसको बचाने के लिये एक-एक कर नदी में युवक समाते गये इसकी जानकारी स्थानीय लोगो एवं पुलिस को हुई पर जो चार लोग डूबे उसकी जानकारी नही थी जब चार युवक डूब गये तो उनके दो साथी डर् कर भाग गये और पुलिस को भी सूचना नही दी सोमवार की सुबह जब परिजन पहुंचे तब मालूम पड़ा कि 6 लोग डूबे है गोताखोर और स्थानीय लोगो की मदद से तीन युवको का शव बरामद किया गया जबकि एक की तलाश की जा रही है बताया गया है कि दो शव शनिवार की देर रात ही मिल गये थे और तीन शव सोमवार को मिले। गोलू पासी पिता भोला पासी 23 वर्ष, राहुल उर्फ लक्ष्मीकांत गुप्ता पिता रामखेलावन गुप्ता 30, यश केशरवानी पिता पवन केशरवानी 17 वर्ष एवं प्रांजल केशरवानी पिता मुकेश केशरवानी 18 वर्ष सभी निवासी प्रयागराज के शव बरामद कर लिये गये है। जबकि एक युवक का शव अभी नही मिला है।

एक युवक की जारी है तलाश

यूपी से आये परिजनों ने बताया कि 7 की संख्या में युवक प्रयागराज से क्योंटी जलप्रपात घूमने आये थे गोताखोर जब डूबे हुए युवको की तलाश कर रहे थे तभी एक महिला का भी शव जलप्रपात में मिला जो 15 दिन पुराना बताया गया है. शव पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया था, जिसकी चलते शिनाख्त नही हो सकी।

एसपी सहित जिले में मिले 49 कोरोना पाजिटिव

रीवा,देशबन्धु। जिले में कोरोना तेजी से बढ़ता जा रहा है, कोरोना पाजिटिव की संख्या अब आधा सैकड़ा के करीब पहुंच चुकी है. रविवार को कोरोना की जो रिपोर्ट आई वह चौकाने वाली रही. सोमवार को रिकार्ड 49 लोग कोरोना पाजिटिव पाये गये. लगातार मिल रहे कोरोना पाजिटिव को लेकर प्रशासन ने भी चुप्पी साध ली है. पुलिस अधीक्षक और मऊगंज बीएमओ सहित 49 लोग कोरोना पाजिटिव पाये गये है. जबकि सैकड़ो सेम्पल की अभी तक जांच नही हो पाई है.

गौरतलब है कि कोरोना पाजिटिव प्रतिदिन बढ़ते जा रहे है. रविवार को जहां 41 कोरोना पाजिटिव पाये गये थे, वहीं सोमवार को अचानक 49 पाजिटिव हो गये. जो कि अब तक सबसे ज्यादा है. रीवा पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह की भी रिपोर्ट कोरोना पाजिटिव आई है. जिसकी जानकारी उन्होने सोशल मीडिया में खुद दी. मऊगंज बीएमओ भी कोरोना पाजिटिव पाये गये है. सबसे ज्यादा शहर में पाजिटिव केस मिले है. जिले में अब तक कोरोना पाजिटिव की संख्या 1210 पहुंच चुकी है जबकि एक्टिव केस भी 410 हो गये है और मरने वालों की संख्या 18 है. तेजी के साथ कोरोना के एक्टिव केस बढने् लगे है. गांव से लेकर शहर तक सभी जगह कोरोना के केस मिल रहे है कोई भी सुरक्षित नही है. जो लोग कोरोना पाजिटिव पाये गये हैं सभी को कोविड केयर सेंटर में भर्ती कराया गया है और संबंधित क्षेत्र को कंटेनमेंट क्षेत्र बनाया गया है।

चार दिनों की पुलिस रिमांड पर दुष्कर्म, ब्लैकमेलिंग का आरोपी

सतना,देशबन्धु। दुष्कर्म कर अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेलिंग करने वाला आरोपी सिकंदर खान नाम बदलकर धर्म परिवर्तन की आड़ में अन्य लड़कियों से भी शादी कर लेने के मामले में सामने आने के बाद वह लव जेहाद करने वाला सबसे बड़ा मुख्य अपराधी बन गया है। लव जेहाद जैसे संगीन अपराध में सामने आ चुके इस अतीक मंसूरी उर्फ सिकंदर खान को सतना पुलिस ने आज दो दिन की रिमाण्ड खत्म होने के बाद पास्को एक्ट की विशेष अदालत में पेश किया। जहां से उसे चार दिन की रिमाण्ड में और कोलगवां पुलिस द्वारा लिया गया है। साथ ही फर्जी पेन कार्ड के मामले में भी धारा 420 के आरोप में भी कोलगवां पुलिस रिमाण्ड में लेकर ल्बी पूछताछ करेगी। इसके अलावा सिटी कोतवाली थाना पुलिस द्वारा भी अपने तीन मामलों सहित एक अन्य प्रकरण में आरोपी सिकंदर खान को रिमाण्ड में लेने की अनुमति अदालतों से ली है। चार दिन की पुनः रिमाण्ड मिलने के बाद स्पेशल इनवेस्टीगेशन टीम आरोपी सिकंदर खान को अदालत से सीधे जिला अस्पताल लेकर आई, जहां मेडिकल चेकअप कराने के बाद अपने साथ पूछताछ के लिये ले गयी। चार दिन के लिये पुनः रिमाण्ड में लिये जाने को लेकर जब कोलगवां थाना प्रभारी मोहित स.सेना से बात की गयी तो उन्होंने कहा कि लव जेहाद जैसे मामलों में सबसे बड़ा गुनाहगार आरोपी निकला, जिससे अन्य मामलों को लेकर पूछताछ की जायेगी और बहुत सारे मामलों को लेकर जांच चल रही है।

नोटिस के साथ घर पहुंचा जिला -निगम प्रशासन

बलात्कारी सिकंदर खान से पूछताछ के लिये चार दिन के लिये जैसे ही पुनः पुलिस को रिमाण्ड मिली, वैसे ही जिला एवं निगम प्रशासन के अधिकारी टीम सहित अवैध कमाई से निहित की गयी स्पत्ति को कुर्क एवं ध्वस्त करने की कार्यवाही को लेकर नोटिस चस्पा करने पहुंच गयी। इसके अलावा यह संयु.त टीम नजीराबाद स्थित फार्म हाउस में भी नोटिस चस्पा कर अग्रिम कुर्क की कार्यवाही किये जाने को लेकर पहुंची। पुलिस द्वारा इस ताबड़तोड़ कार्यवाही से एक बारगी यह तो साफ हो गया है कि लव जेहाद के नाम पर रसूखदार बने सिकंदर खान को अब कोई ताकत व उसको संरक्षण देने वाले आका तक नहीं बचा सकते।

यौन शोषण करने वाले पर कठोर कार्यवाही होनी चाहिये : गणेश सिंह

सांसद गणेश सिंह ने अपने जारी बयान में कहा है कि शहर के कोलगवां थाना ने नाबालिग लड़की का यौन शोषण करने वाली घटना की जो कायमी की गयी है तथा उसके दोषी दरिन्दे को पकड़ कर जेल के सलाखों तक पहुंचाया है, इसके लिये मैं पुलिस प्रशासन की प्रशंसा करता हूं तथा ऐसे दुर्दान्त अपराधी द्वारा इस घटना को अंजाम देने के लिये जो फार्म हाउस तथा जिन घरों का इस्तेमाल किया गया है जिला प्रशासन को उन्हें तत्काल ध्वस्त कर देना चाहिये, ताकि फिर कभी कोई ऐसी शर्मनाक घटना को अंजाम देने वाला अपराधी सबक सीख सके।

विनय सिंह के निधन से लगा पत्रकारिता जगत को गहरा आघात

दी गयी श्रद्धांजलि

रीवा,देशबन्धु। माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय भोपाल से स्नातक की डिग्री प्राप्त करने के बाद विनय सिंह पत्रकारिता के क्षेत्र में विगत 17 वर्षों से सक्रिय रहे। विनय सिंह जी दूरदर्शन/डीडी न्यूज़, टाइम्स नाउ, ईटीवी न्यूज़ सहित अन्य प्रतिष्ठित चैनलों में सेवाएं दे चुके हैं। विनय निष्पक्ष पत्रकारिता एवं मिलनसार सहज व्यक्तित्व के धनी थे। उनके निधन से पत्रकारिता जगत में गहरा आघात लगा है। विनय सिंह कांग्रेस नेता व पूर्व जनपद उपाध्यक्ष त्योथर रामायण सिंह के पुत्र हैं। उनके निधन से पत्रकारिता जगत को गहरा आघात पहुँचा है। पत्रकार परिवार की ओर से दिवंगत विनय सिंह के प्रति अपनी श्रद्धांजली अर्पित करते हुए परमपिता से प्रार्थना कि परिवारजनों को इस गहरे दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान। विनय सिंह के आकस्मिक निधन पर अजय सिंह, राकेश मिश्रा, नियाज खान, भरत श्रीवास्तव, पंकज मिश्रा, पंकज पाठक, राकेश येंगल, धीरेन्द्र शर्मा, विजय विश्वकर्मा, सुरेन्द्र तिवारी, अनिल त्रिपाठी, रामानन्द पांडेय, आरती श्रीवास्तव, अंचल शुक्ला, रवी तिवारी, शशिकांत त्रिवेदी, महेश सिंह, मृगेंद्र सिंह, राजेश पटेल, रमाशंकर मिश्रा, देवेन्द्र सिंह, सुशील चतुर्वेदी, वीरेन्द्र सिंह, अरविंद शर्मा, श्रवण श्रीवास्तव, नियाज खान, प्रदीप दुवेदी, राज नारायण मिश्रा, जावेद अंसारी, अर्पित पांडेय, स्वयंभू शर्मा, राकेश सोनी, विमलेन्द्र सोहगौर, अशोक मौर्य, संजय दवे, सादाब सिद्धीकी, आशुतोष तिवारी, आशुतोष सिंह, विजय गुप्ता, राजीव पांडेय, हरेन्द्र सिंह, दिलीप गुप्ता, आरिफ, प्रखर गुप्ता, भूपेन्द्र सिंह, दिनेश दाहिया, धनंजय तिवारी, वीरेन्द्र सिंह बब्ली, उपेन्द्र दुवेदी, श्रीप्रकाश तोमर, संतोष श्रीवास्तव, रामचंद्र वर्मा, अफजल आफताब, मनोज सोनी, मनोज बधेल, समीम सौदागर, सिद्धीक खान, अशोक मिश्रा, अशोक समदड़िया, अजय सोनी सहित समस्त प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक के पत्रकारो ने शोक व्यक्त किया है।

भाजयुमो ने कांग्रेस कार्यालय का घेराव कर किया विरोध प्रदर्शन

सतना । भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष ऋषभ सिंह छोटू के नेतृत्व में आज दोपहर काफी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता लव जेहाद के आरोपी सिकंदर खान के खिलाफ नारेबाजी करते हुये जयस्तंभ चौक स्थित कांग्रेस कार्यालय पहुंचे और घेराव करते हुये कांग्रेस पर लव जेहादी के आरोपी का पक्षपात करने का आरोप लगाया। कांग्रेस कार्यालय का घेराव कर जमकर विरोध प्रदर्शन करने से दोनों तरफ ल्बा जाम लग गयी। इस बीच पुलिस मौके पर पहुंच कर विरोध प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओं को समझाइश दी।

आरटीओ कार्यालय में पूर्व मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने हेल्प डेस्क का किया शुभारंभ

रीवा,देशबन्धु। आरटीओ कार्यालय रीवा में लोगों के लिए कार्यालयीन सुविधा के उद्देश्य से हेल्प डेस्क (सहायता केन्द्र) की स्थापना की गई है। प्रदेश के पूर्व मंत्री एवं रीवा विधायक श्री राजेन्द्र शुक्ल ने आज कार्यालय में स्थापित हेल्प डेस्क का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आरटीओ ऑफिस में रजिस्ट्रेशन/लाइसेंस व अन्य परिवहन से संबंधित कार्यों के लिए लोगों को भटकना नहीं पड़ेगा वरन हेल्प डेस्क के माध्यम से उन्हें निर्दिष्ट कक्षों तक पहुंचने की मदद मिलेगी। उन्होंने अपेक्षा की कि स्थापित किया गया सहायता केन्द्र अपने उद्देश्य की पूर्ति में सफल होगा तथा लोगों को इससे मदद मिलेगी। श्री शुक्ल ने आरटीओ कार्यालय एवं परिसर का भ्रमण कर अन्य आवश्यक निर्माण कार्य कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यालय परिसर में वृक्षारोपण भी किया। इस दौरान आरटीओ मनीष त्रिपाठी, ललित शुक्ला, पत्रकार राजनारायण मिश्र सहित कार्यालयीन स्टाफ व परिवहन सलाहकार समिति के सियाराम गुप्ता, रविशंकर मिश्रा, सलाम बेग, सचिन जायसवाल सहित सदस्यगण उपस्थित रहे।

नवागत थाना प्रभारी एपी सिंह ने सिटी कोतवाली में किया पदभार ग्रहण

अब्बासी ग्रुप, व्यापारी मंडल ने किया स्वागत

रीवा,देशबन्धु। रायपुर कर्चुलियान थाना में पदस्थ होते ही अपराधियों के खिलाफ अपनी ताबड़तोड़ बड़ी कार्यवाही से बेहतर कानून व्यवस्था को लेकर पुलिस अधीक्षक रीवा के विश्वास में खरे उतरने में सफल रहे थाना प्रभारी आदित्य प्रताप सिंह परिहार को पुलिस अधीक्षक रीवा राकेश कुमार सिंह ने रीवा के सिटी कोतवाली की कमान सौंपी है। जिसके बाद श्री सिंह ने आज सिटी कोतवाली में का कार्यभार ग्रहण किया है। निरीक्षक आदित्य प्रताप सिंह ने इसके पहले भी बेहद ईमानदार तेज तर्रार पुलिस अधीक्षक आकाश जिंदल के कार्यकाल में भी रीवा सिटी कोतवाली में जोरदार तरीके से अपने कार्यों को अंजाम देने में सफल रहे थे। श्री सिंह के पदभार ग्रहण करने पर वरिष्ठ समाजसेवी मो मुस्लिम सोनू, के साथ ही अब्बासी ग्रुप के व्यापारी मंडल द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया गया और उम्मीद की गयी कि क्षेत्र में अब अपराधों व अपराधियों पर तेजी के साथ अंकुश लगेगा। ज्ञात हो कि थाना प्रभारी आदित्य प्रताप सिंह एक दबंग थाना प्रभारी के रूप में जाने जाते हैं इनके आने से अपराधियों दहशत का माहौल बनने लगा है।

सेवा सप्ताह के प्रथम दिवस 251 स्थानों पर एक साथ चला स्वच्छता अभियान

सेवा सप्ताह के अंतर्गत विशाल नेत्र परीक्षण शिविर का शुभारंभ आज, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ अजय सिंह करेंगे शिविर का उद्घाटन

रीवा,देशबन्धु। विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 70 वां जन्मदिन 17 सितंबर 2020 को है जिसको भारतीय जनता पार्टी सेवा सप्ताह के रूप में मना रही है यह सेवा सप्ताह 14 सितंबर 2020 से 20 सितंबर 2020 तक चलेगा। जिसके अंतर्गत आज अजगरहा में पार्टी द्वारा विशाल नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया है जिसका उद्घाटन दोपहर 12 बजे जिलाध्यक्ष डॉ अजय सिंह जी के मुख्यातिथ्य में होगा। सेवा सप्ताह के प्रथम दिन जिले भर में स्वच्छता अभियान चलाया गया, रीवा नगर में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष डॉक्टर अजय सिंह जी ने ढेकहा स्थित हरिजन बस्ती एवं घोघर बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सम्मिलित होकर शुभारंभ किया एवं सिंगल यूज प्लास्टिक के बहिष्कार की शपथ दिलाई इसी प्रकार से रीवा विधायक पूर्व मंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल जी ने उपरहटी स्थित देवी घाट में स्वच्छता अभियान के कार्यक्रम में सम्मिलित होकर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया तथा उपस्थित लोगों को सिंगल यूज़ प्लास्टिक के बहिष्कार का संकल्प दिलाया।साथ ही त्योंथर विधायक श्री श्यामलाल द्विवेदी जी ने त्योंथर में स्वच्छता अभियान में सम्मिलित होकर अपनी सहभागिता निभाई। इसी तरह जिले भर में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा 251 स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमे पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ 3890 कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता अभियान में हिस्सा लिया।

रीवा शहर में स्वच्छता अभियान में प्रमुख रूप से सेवा सप्ताह कार्यक्रम की संयोजक श्रीमती प्रज्ञा त्रिपाठी संचालन समिति सदस्य अनिल पटेल नरेन्द्र गुप्ता शरद साहू एवं नरेंद्र शर्मा सम्मिलित हुए साथ ही अटल मंडल अध्यक्ष श्री शेखर सचदेवा दीनदयाल मंडल अध्यक्ष शिवम द्विवेदी कुशाभाऊ मंडल अध्यक्ष श्री प्रकाश सोनी जिला उपाध्यक्ष श्रीमती कल्पना श्रीवास्तव,जिला महामंत्री प्रबोध व्यास, सतीश सोनी, नीलम चौरसिया,आनेन्द्र सिंह, नीरज पटेल, हेमलता सिंह, कृष्णप्रिय मैत्रेय,वीरेश पाण्डेय,मनोज सिंह, मनीष श्रीवास्तव, विक्रम पटेल, रौशनी मैत्रेय, रमेश पाठक, पुनीता पाठक,अरुण तिवारी, देवांशु मिश्रा,संजय सिंह,जय प्रताप सिंह, सतेंद्र सिंह,अमित ताम्रकार, राजीव शर्मा, अनिल शुक्ला, प्रमोद गुप्ता,राजेश भल्ला,दिनेश साकेत,शंकर सोनी, आमिर खान, राकेश सिंह,शैलेंद्र पाण्डेय, राजू विश्वकर्मा, गोलू कुशवाहा, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता सहभागी रहे।

प्रकाशक एवं मुद्रक **विपिन चौरसिया** द्वारा श्रीजी प्रिंटर्स नौदरा ब्रिज जबलपुर से मुद्रित एवं सिटी ट्रेड सेन्टर रीवा रोड **सतना** म.प्र. से प्रकाशित। फोन 07672- 410011 (प्रकाशन अधिकार पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. रायपुर/जबलपुर द्वारा प्रदत्त) सम्पादक- **विपिन चौरसिया,** प्रबंध सम्पादक- **हर्ष चौरसिया** स्थानीय सम्पादक-**कपिल चौरसिया** (* पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार), मानसेवी सलाहकार सम्पादक-**नियाज खान, रीवा कार्यालय:** चौरसिया बिल्डिंग अमहिया रोड रीवा म.प्र. फोन-406671आर.एन.आई पंजी.क्रमांक **38532/85,** डाक पंजीयन-रीवा संभाग/16/2009-2011